# स्नातकोत्तर उपाधि कार्यक्रम

## एम. ए. संस्कृत (ऑनलाइन)

## (MSKOL)

# कार्यक्रम-दर्शिका

*Programme Guide*

मानविकी विद्यापीठ
इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
नई दिल्ली-110068

# इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
# नई दिल्ली

## एम. ए. संस्कृत (ऑनलाइन) कार्यक्रम
## (MSKOL)

### 1. प्रस्तावना

एम. ए. संस्कृत (MSK) इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय का एक प्रतिष्ठित कार्यक्रम है। 2019 से सफलतापूर्वक संचालित इस कार्यक्रम के प्रति शिक्षार्थियों का आकर्षण निरंतर बढ़ता जा रहा है। दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से संचालित यह कार्यक्रम अब वैश्विक क्षितिज पर अपनी मांग और उपयोगिता का विस्तार कर रहा है। इसलिए अब इग्नू अपने इस कार्यक्रम को ऑनलाइन शिक्षण पटल पर प्रस्तुत कर रहा है। विश्व में संस्कृत भाषा और साहित्य की बढ़ती मांग को दृष्टिगत रखकर एम. ए. संस्कृत के कार्यक्रम को प्रथम बार इग्नू ऑनलाइन माध्यम से शिक्षार्थियों को उपलब्ध करा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को संस्कृत भाषा तथा साहित्य का विस्तृत और विशेषतापूर्ण ज्ञान प्रदान करना है। इसके अध्ययन के फलस्वरूप विद्यार्थियों को संस्कृत भाषा, साहित्य, व्याकरण, दर्शन, वेद और भारतीय संस्कृति और सभ्यता का सम्यक् बोध होगा। विद्यार्थी विषय के आस्वादन के साथ ही संस्कृत की ज्ञान परम्परा से जुड़कर भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों का भी अवगाहन कर सकेंगे। यह कार्यक्रम ऑनलाइन शिक्षा के सभी घटकों से युक्त है। यह कार्यक्रम संपूर्ण विश्व में अध्ययन और नामांकन हेतु इग्नू की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### 2. प्रवेश के लिए योग्यता

एम. ए. संस्कृत (ऑनलाइन) कार्यक्रम में वे अभ्यर्थी प्रवेश ले सकेंगे जिन्होंने किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक की उपाधि प्राप्त की हो।

### 3. कार्यक्रम अवधि

एम. ए. संस्कृत (ऑनलाइन) कार्यक्रम को पूरा करने के लिए कम से कम 2 वर्ष और अधिकतम 4 वर्ष की अवधि निर्धारित है।

### 4. शुल्क विवरण

पूरे कार्यक्रम के लिए 14000/- रु., 7000/- रु. प्रतिवर्ष ।

## 5. शिक्षण माध्यम

एम. ए. संस्कृत (ऑनलाइन) कार्यक्रम केवल हिन्दी माध्यम में उपलब्ध है ।

## 6. क्रेडिट पद्धति

एम. ए. संस्कृत (ऑनलाइन) कार्यक्रम में क्रेडिट पद्धति अपनाई गई है । 2 वर्ष के इस कार्यक्रम के लिए 64 क्रेडिट के पाठ्यक्रम निर्धारित किए गए हैं । विद्यार्थी अपने अध्ययन के प्रत्येक वर्ष में 32 क्रेडिट अर्जित कर सकता है ।

## 7. कार्यक्रम संरचना

64 क्रेडिट का यह पाठ्यक्रम दो शिक्षण वर्षों में विभाजित है । प्रत्येक वर्ष के लिए अध्ययन हेतु 32 क्रेडिट का पाठ्यक्रम उपलब्ध कराया गया है। इन पाठ्यक्रमों को निर्धारित अवधि में पूर्ण करना शिक्षार्थियों के लिए अनिवार्य है।

## 8. शिक्षण प्रविधि

एम. ए. संस्कृत (ऑनलाइन) कार्यक्रम की शिक्षण प्रणाली छात्रोन्मुखी ऑनलाइन शिक्षा पद्धति पर आधारित है । प्रति क्रेडिट निर्धारित दस घंटों के अध्ययन हेतु 8 क्रेडिट के पाठ्यक्रम में कुल 80 घंटे अध्ययन हेतु अपेक्षित हैं, जिसमें 40 घंटे ई-पाठ्य सामग्री और परिचर्चा हेतु निर्धारित हैं तथा शेष 40 घंटे के वीडियो व्याख्यान उपलब्ध कराये जाएंगे । ऑनलाइन शिक्षा प्रणाली में निम्न घटक होंगे, जो हम अपने विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध करायेंगे –

### I. ई-पाठ्य सामग्री –

एम. ए. संस्कृत (ऑनलाइन) कार्यक्रम में गुणवत्तापूर्ण ई-पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी । यह ई-पाठ्य सामग्री सम्पूर्ण पाठ्यक्रम हेतु सप्ताहवार विभाजित होगी ।

### II. वीडियो व्याख्यान –

एम. ए. संस्कृत (ऑनलाइन) कार्यक्रम में प्रति क्रेडिट 10 घंटे के वीडियो व्याख्यान विषय की आवश्यकता के अनुरूप व्यवस्थित रूप से उपलब्ध कराये जाएंगे । इन वीडियो कार्यक्रमों का उद्देश्य शिक्षार्थी को कक्षा

के वातावरण का अनुभव कराना है। ई-पाठ्य सामग्री के साथ-साथ इन वीडियो व्याख्यानों को देखना-सुनना अपेक्षित होगा।

### III. परिचर्चा –

परिचर्चा मंच के माध्यम से शिक्षार्थी अपनी समस्याओं और जिज्ञासाओं के संबंध में सक्रियता से जुड़ सकते हैं, जिसका समाधान पाठ्यक्रम संयोजक और शिक्षण सहायकों के माध्यम से समयबद्ध तरीके से किया जाएगा।

## 9. परीक्षा योजना

इग्नू द्वारा अपने शिक्षण कार्यक्रमों के लिए सतत मूल्यांकन पद्धति को अपनाया गया है। प्रत्येक शिक्षण सत्र में निर्धारित सत्रीय कार्य और सत्रांत परीक्षा के माध्यम से सतत मूल्यांकन किया जाता है। सत्रीय कार्य के लिए 30 प्रतिशत और सत्रांत परीक्षाओं के लिए 70 प्रतिशत अंक निर्धारित किए गए हैं। सत्रीय कार्य में आप जो अंक प्राप्त करेंगे उसे आपके परीक्षाफल के अंकों में जोड़ दिया जाएगा। इसकी विस्तृत सूचना आपके दिए गए ई-मेल/ऑनलाइन पोर्टल/विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर यथासमय उपलब्ध कराई जाएगी।


**कार्यक्रम समन्वयक**

डॉ. रीता गुप्ता, सहायक आचार्य, संस्कृत संकाय, मानविकी विद्यापीठ,

इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

**ई-मेल :** reetagupta@ignou.ac.in

**संपर्क :** 01129572784

# निर्धारित पाठ्यक्रम
## एम. ए. संस्कृत (ऑनलाइन) कार्यक्रम

### प्रथम वर्ष

| क्रम सं. | पाठ्यक्रम कोड | पाठ्यक्रम का शीर्षक | क्रेडिट | अंक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | MSK 001 | संस्कृत साहित्य शास्त्र एवं साहित्य | 8 | 100 |
| 2. | MSK 002 | व्याकरण | 8 | 100 |
| 3. | MSK 003 | दर्शन : न्याय -वैशेषिक, वेदान्त, सांख्य और मीमांसा | 8 | 100 |
| 4. | MSK 005 | वैदिक वाङ्मय एवं भारतीय संस्कृति और सभ्यता | 8 | 100 |

### द्वितीय वर्ष

| क्रम सं. | पाठ्यक्रम कोड | पाठ्यक्रम का शीर्षक | क्रेडिट | अंक |
|---|---|---|---|---|
| 5. | MSK 004 | आधुनिक संस्कृत साहित्य और साहित्य शास्त्र | 8 | 100 |
| 6. | MSK 006 | भाषा विज्ञान, अनुवाद एवं निबंध लेखन | 8 | 100 |
| 7. | MSK 007 | साहित्य शास्त्र : काव्यप्रकाश, ध्वन्यालोक और दशरूपक | 8 | 100 |
| 8. | MSK 008 | संस्कृत साहित्य : गद्य, पद्य एवं नाटक | 8 | 100 |

# एम. ए. संस्कृत (ऑनलाइन) कार्यक्रम पाठ्य-विवरण

इस कार्यक्रम में आपको निम्नलिखित पाठ्यचर्या का अनुपालन करते हुए अध्ययन करना है। इससे संबन्धित स्व-अध्ययन सामग्री आपको सप्ताहवार विभाजित इकाइयों के रूप में पोर्टल पर उपलब्ध होगी। आपको कक्षा-अध्यापन का वातावरण प्रदान करने और अध्ययन में सुविधा के लिए पाठ्यक्रम के अनुरूप शीर्षकों में विभाजित, विषय के विद्वान् अध्यापकों द्वारा तैयार वीडियो व्याख्यान भी साथ ही उपलब्ध कराये जायेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम 1** | **MSK 001: संस्कृत साहित्य शास्त्र एवं साहित्य** | **8 क्रेडिट** |

संस्कृत साहित्य का इतिहास, साहित्य शास्त्र : **साहित्यदर्पण** (प्रथम से षष्ठ परिच्छेद पर्यन्त), **मेघदूत** : महाकवि कालिदास (पूर्वमेघ- श्लोक 1 से 63 और उत्तरमेघ- श्लोक 1 से 52 पर्यन्त), **मृच्छकटिक** : शूद्रक (सभी अंकों से चयनित श्लोक)।

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम 2** | **MSK 002: व्याकरण** | **8 क्रेडिट** |

**सुबन्त प्रकरण, कारक प्रकरण** : सिद्धान्त कौमुदी, **तिङन्त प्रकरण** : भू धातु (परस्मैपद), **तिङन्त प्रकरण** : एध् धातु (आत्मनेपद), तिङन्त प्रक्रिया, कृदन्त प्रकरण, तद्धित प्रकरण।

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम 3** | **MSK 003: दर्शन : न्याय -वैशेषिक, वेदान्त, सांख्य और मीमांसा** | **8 क्रेडिट** |

भारतीय दर्शन, **तर्कसंग्रह** (अन्नंभट्ट), **वेदान्तसार** (सदानन्द) भाग-1, वेदान्तसार (सदानन्द) भाग-2, **सांख्यकारिका** (ईश्वरकृष्ण), **अर्थसंग्रह** (लौगाक्षिभास्कर)।

| पाठ्यक्रम 4 | **MSK 005: वैदिक वाङ्मय एवं भारतीय संस्कृति और सभ्यता** | 8 क्रेडिट |
|---|---|---|

वैदिक साहित्य का इतिहास, वेदाङ्ग, वैदिक सूक्त, **निरुक्त** (अध्याय 1 और 2 का प्रथम पाद), वैदिक व्याकरण, भारतीय संस्कृति और सभ्यता ।

| पाठ्यक्रम 5 | **MSK 004: आधुनिक संस्कृत साहित्य और साहित्य शास्त्र** | 8 क्रेडिट |
|---|---|---|

आधुनिक संस्कृत साहित्य का इतिहास, **जानकीजीवनम्** (अभिराज राजेंद्र मिश्र) – प्रथम सत्र, **मीरालहरी** – पंडिता क्षमाराव, **उपाख्यानमालिका** – राधावल्लभ त्रिपाठी, **काव्यालंकारकारिका** – महामहोपाध्याय रेवा प्रसाद द्विवेदी ।

| पाठ्यक्रम 6 | **MSK 006: भाषा विज्ञान, अनुवाद एवं निबंध लेखन** | 8 क्रेडिट |
|---|---|---|

भाषाविज्ञान एवं भाषा, ध्वनिविज्ञान, ध्वनिविचार, ध्वनि-परिवर्तन एवं ध्वनि-नियम, पद, वाक्य एवं अर्थ विज्ञान, भाषाओं का वर्गीकरण एवं भाषा परिवार, भाषाशास्त्र एवं लिपि का इतिहास, अनुवाद और निबंध लेखन ।

| पाठ्यक्रम 7 | **MSK 007: साहित्य शास्त्र : काव्यप्रकाश, ध्वन्यालोक और दशरूपक** | 8 क्रेडिट |
|---|---|---|

**काव्यप्रकाश (मम्मट)**– 1-4 और 7-10 उल्लास, **ध्वन्यालोक (आनन्दवर्धन)** – प्रथम एवं चतुर्थ उद्योत, **दशरूपक (धनिक एवं धनञ्जय)** – प्रथम, द्वितीय और तृतीय प्रकाश, **संस्कृत काव्यशास्त्र का सर्वेक्षण** : प्रमुख आचार्य और सम्प्रदाय ।

| पाठ्यक्रम 8 | **MSK 008: संस्कृत साहित्य : गद्य, पद्य एवं नाटक** | 8 क्रेडिट |
|---|---|---|

**नैषधीयचरितम् (श्रीहर्ष)** – प्रथम सर्ग, **कादम्बरी (बाणभट्ट)** – महाश्वेतावृत्तान्त, **उत्तररामचरित (भवभूति), नलचम्पू (त्रिविक्रमभट्ट)** – प्रथम उच्छ्वास (वर्षा-वर्णन पर्यन्त)।

**प्रवेश हेतु और अधिक जानकारी के लिए अधोलिखित लिंक का प्रयोग करें :**

https://ignouiop.samarth.edu.in

www.ignou.ac.in